मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-35
17/01/2019

मुख्यमंत्री ने गंडक नदी पर निर्माणाधीन बंगरा घाट पुल, सत्तर घाट पुल एवं बेतिया–गोपालगंज पुल का किया एरियल सर्वेक्षण

पटना, 17 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गंडक नदी पर निर्माणाधीन बंगरा घाट पुल, सत्तर घाट पुल, बेतिया–गोपालगंज पुल का एरियल सर्वेक्षण किया। एरियल सर्वेक्षण में पाया गया कि पुलों का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। कार्यान्वयन एजेंसी को सावधानी बरतने तथा तय समय सीमा के अंदर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया।

गंडक नदी पर निर्माणाधीन बंगरा घाट पुल, मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज एवं सारण जिले के लखनपुर स्थान के बीच बनाया जा रहा है। मुख्य पुल की लंबाई 1.506 किलोमीटर एवं इसके पहुँच पथ की कुल लंबाई 19.00 किलोमीटर है। इस पुल की निर्माण लागत 508.98 करोड़ रूपये है। इस पुल का कार्यारंभ 11 अप्रैल 2014 को हुआ था। अब तक 48.272 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसका निर्माण कार्य जून 2019 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। सत्तर घाट पुल गोपालगंज जिले के फैजुल्लाहपुर (एस0एच0– 90) एवं पूर्वी चम्पारण जिले के लाला छपरा (एस0एच0–74) स्थान के बीच बनाया जा रहा है। इस पुल की लंबाई 1.440 किलोमीटर एवं इसके पहुँच पथ की कुल लंबाई 9.071 किलोमीटर है। इसकी निर्माण लागत 263.48 करोड़ रूपये है। सत्तर घाट पुल का भी 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इस पुल का निर्माण जून 2019 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पुल को पुल निर्माण निगम बना रहा है। यह पुल प्रस्तावित राम जानकी मार्ग का भी हिस्सा होगा। राम जानकी मार्ग का आरेखन निम्नवत है– राम जानकी मार्ग का बिहार राज्य में पड़ने वाला हिस्सा गुठली बॉर्डर जिला सीवान से प्रारंभ होकर पूर्वी चम्पारण जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों तक जाता है। इस पथ में उत्तर प्रदेश, बिहार बॉर्डर से सीवान होते हुये मसरख तक फोरलेन चौड़ीकरण होना है। मसरख से डुमसन चौक (लखनपुर)–फैजुल्लाहपुर–केसरिया होते हुये चकिया तक दस मीटर का दो लेन पेवड सोल्डर सहित का निर्माण होना है।

गंडक नदी पर विशनपुर के निकट निर्मित उच्चस्तरीय पुल का निर्माणाधीन बेतिया–गोपालगंज पथ की कुल लंबाई 21.410 किलोमीटर है। इसकी निर्माण लागत भू–अर्जन सहित 303.55 करोड़ रूपये है। इस पथ के कार्य हेतु निविदा प्रक्रिया में है। एकरारनामा के उपरांत कार्य पूर्ण करने की निर्माण अवधि 30 माह होगी। इस पथ पर वर्तमान में आवागमन चालू है परंतु दोनों तरफ की सड़क संकीर्ण है, जिसे देखते हुये दस मीटर चौड़ी सड़क बनाने के लिये दोनों ओर भू–अर्जन का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी पश्चिम चम्पारण एवं जिलाधिकारी गोपालगंज द्वारा अपने–अपने जिले में भू–अर्जन कार्य को गति दे रहे हैं। शीघ्र ही दस मीटर चौड़ी सड़क बनाने की योजना का भी कार्यारंभ किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने एरियल सर्वे के क्रम में इस पुल के गोपालगंज के तरफ कटाव को भी देखा और आवश्यक एवं प्रभावी निरोधात्मक कदम उठाने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री के एरियल सर्वेक्षण के दौरान पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******